मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-253
05/05/2021

मुख्यमंत्री ने ऑक्सीजन की उपलब्धता और आपूर्ति को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

मुख्य बिंदु :–

- ऑक्सीजन की जरुरतों का आकलन कर ऑक्सीजन जेनेरेशन कैपिसिटी को बढ़ाने के लिए तेजी से काम करें।
- ऑक्सीजन जेनेरेशन के लिए रिफिलिंग प्लांट, बॉटलिंग प्लांट, टैंकर आदि की व्यवस्था के लिए जरुरी कदम उठाएं, इसके लिए सरकार राशि उपलब्ध कराएगी।
- सरकारी मेडिकल अस्पतालों में और बेडों की संख्या बढ़ाएं।
- मरीजों को दवा और ऑक्सीजन की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित कराना है ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।
- रेमडेसिविर और ऑक्सीजन सिलिंडर बाजार में बेचने वाले धंधेबाजों पर नजर रखें और कड़ी कार्रवाई करें।
- मरीजों से मनमाना चार्ज वसूलने पर प्राइवेट एंबुलेंस वालों पर कार्रवाई करें।
- स्वास्थ्य विभाग एंबुलेंस की संख्या और बढ़ाये।

पटना, 05 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ऑक्सीजन की उपलब्धता और आपूर्ति को लेकर 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा ने मुख्यमंत्री के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑक्सीजन की उपलब्धता और आपूर्ति से संबंधित कार्य योजना पर एक प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण के दौरान उन्होंने स्टेट्स ऑफ लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन, डेली सप्लाई स्टेट्स, डिस्ट्रिक्ट वाइज डिमांड और सप्लाई की स्थिति, ऑक्सीजन प्रोडक्शन और बॉटलिंग स्टेट्स, टैंकर की स्थिति आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। पटना जिला के डी0डी0सी0 ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले के अस्पतालों में ऑक्सीजन की डिमांड और सप्लाई से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोरोना संक्रमण का फैलाव बढ़ रहा है। कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए ऑक्सीजन की जरुरतों का आकलन कर ऑक्सीजन जेनेरेशन कैपिसिटी को बढ़ाने के लिए तेजी से काम करें। उन्होंने कहा कि एक उच्चस्तरीय समिति बनाकर कार्य करें जिसमें स्वास्थ्य एवं उद्योग विभाग भी शामिल हो ताकि समन्वय के साथ हर निर्णय पर तेजी से काम किया जा सके। ऑक्सीजन जेनेरेशन के लिए रिफिलिंग प्लांट, बॉटलिंग प्लांट, टैंकर आदि की व्यवस्था के लिए जरुरी कदम उठाएं, इसके लिए सरकार राशि उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी मेडिकल अस्पतालों में बेडों की संख्या और बढ़ायें। सभी चिकित्सकों को सकारात्मक रुप से इस बात के लिए प्रेरित करें कि कोरोना संक्रमितों के ट्रीटमेंट में कोई कमी न रह जाए। अनुमंडल स्तर के अस्पतालों में भी स्वास्थ्य सेवाओं पर नजर रखें। मरीजों को दवा और ऑक्सीजन की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित कराना है ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग एवं जिलाधिकारी, कोविड प्राइवेट अस्पतालों में वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी मरीजों से लें। अस्पतालों में मरीजों के एडमिशन, डिस्चार्ज, डेथ रिपोर्ट, ऑक्सीजन सप्लाई तथा अस्पतालों में डॉक्टर, नर्सों की उपलब्धता की भी जानकारी लें। उन्होंने कहा कि यह पता करें कि वैसे कौन से दुकानदार हैं जो रेमडेसिविर और ऑक्सीजन सिलिंडर बाजार में बेच रहे हैं। संकट के इस दौर में गड़बड़ करने वाले धंधेबाजों पर नजर रखें और कड़ी कार्रवाई करें। मरीजों से मनमाना चार्ज वसूलने वाले प्राइवेट एंबुलेंस वालों पर कार्रवाई करें। स्वास्थ्य विभाग अपनी तरफ से भी एंबुलेंस की संख्या और बढ़ाये।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, उद्योग मंत्री श्री सैयद शाहनवाज हुसैन, मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव उद्योग श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, सचिव सूचना एवं जन–सम्पर्क श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी जुड़े हुए थे।

******